वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन

2019–20

मात्स्यिकी निदेशालय
हिमाचल प्रदेश

1

पुर्वावलोकन

हिमाचल प्रदेश में मात्स्यिकी विभाग की स्थापना वर्ष 1966 में एक स्वतन्त्र विभाग के रूप में हुई। इससे पूर्व वन विभाग का एक विंग मत्स्य विभाग के कार्य की देख–रेख कर रहा था तत्पश्चात प्रदेश में उपलब्ध जल संसाधनों का वैज्ञानिक ढंग से विकास व दोहन करके विभाग स्वतन्त्र रूप से प्रदेशवासियों के उत्थान के लिए अस्तित्व में आया। हिमाचल प्रदेश भारत वर्ष के उन राज्यों में से है जिन्हें प्रकृति द्वारा पहाड़ो से निकलने वाली बर्फानी नदियों का जल प्रदान किया है जो कि राज्य के पहाड़ी क्षेत्रों, अर्ध मैदानी क्षेत्रों से गुजरती हुई मैदानों मे जाती है और इन नदियों के पानी में ऑक्सीजन की मात्रा भी अधिक होती है।

राज्य में बारहमासी नदियां व्यास, सतलुज, यमुना और रावी नदी बहती हैं जिनमें मत्स्य की शीतल जलीय प्रजातियां जैसे गुगली (साइजोथरैक्स), सुनैहरी महाशीर व ट्राऊट पाई जाती हैं। शीतल जलीय मत्स्य संसाधनों के दोहन के लिए महत्वाकांक्षी इण्डो–नौरविजियन ट्राऊट फार्मिग परियोजना के राज्य में सफल कार्यान्वयन से राज्य ने वाणिज्यिक ट्राऊट पालन को निजी क्षेत्र में प्रचलित करने का गौरव अर्जित किया है। प्रदेश के जलाशय गोबिन्दसागर, पौंग डैम, कोलडैम, चमेरा तथा रणजीत सागर में उत्पादित व्यवसायिक तौर पर महत्वपूर्ण मत्स्य प्रजातियां क्षेत्रीय लोगों के आर्थिक उत्थान का मुख्य साधन बन गई हैं। प्रदेश में निम्नलिखित जल संसाधनों का वैज्ञानिक ढंग से विकास किया गया :–

शीत जल	:	ट्राऊट जल 600 कि0मी0
सामान्य जल	:	2400 कि0मी0
जलाशय जल स्त्रोत	:	43785 हैक्टेयर
तालाबों एवं छोटे चश्मों के रूप में सामान्य जलक्षेत्र	:	845.33 हैक्टेयर
ठण्डे क्षेत्रों की प्राकृतिक झीलें एवं निर्मित तालाब	:	617 हैक्टेयर

2

विभाग का संरचनात्मक ढांचा

हिमाचल प्रदेश मात्स्यिकी विभाग में निदेशक एवं प्रारक्षी मत्स्य (विभागाध्यक्ष) के अतिरिक्त 2 उप–निदेशक मत्स्य, 08 सहायक निदेशक मत्स्य, 7 वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी, 02 सांख्यिकी सहायक व 20 मत्स्य अधिकारी अपने सहयोगी कर्मचारियों के साथ कार्य निष्पादन कर रहे हैं। वर्ष 2019–20 के दौरान **श्री वीरेन्द्र कंवर, माननीय ग्रामीण विकास, पंचायती राज, पशुपालन व मत्स्य पालन मन्त्री के रूप में, श्री संजय गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मत्स्य)** के रूप में विभाग के मार्गदर्शक तथा **श्री सतपाल मैहता, निदेशक एवं प्रारक्षी मत्स्य** कार्यरत रहे। निदेशालय स्तर पर श्री महेश कुमार, उप–निदेशक मुख्यालय, श्रीमति चंचल ठाकुर

कार्यकारी सहायक निदेशक मत्स्य–20 सूत्रीय कार्यक्रम, श्री विशाल गुप्ता व श्री अशोक कुमार सांख्यिकी सहायक मुख्यालय, समस्त तैनात कर्मचारी वर्ग के साथ तथा क्षेत्रीय स्तर पर कुल्लू में उप निदेशक मत्स्य, पतलीकूहल व अन्य जिलों में सहायक निदेशक मत्स्य विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु उत्तरदायी रहे। केवल जिला हमीरपुर एवं किन्नौर में यह कार्य वरिष्ठ मत्स्य अधिकारियों द्वारा सम्बन्धित सहायक निदेशक मत्स्य की देखरेख में, तथा जिला लाहौल व स्पिति में विभाग का कोई अधिकारी तैनात न होने के कारण यह कार्य लाहौल में वन मण्डल अधिकारी द्वारा तथा पांगी एवं स्पिति में सहायक निदेशक पशु पालन विभाग द्वारा क्रियान्वित किया गया।

वर्ष 2019–20 में उपलब्ध विभागीय संरचना

क्रं0सं0	नाम	पदनाम
1.	श्री वीरेन्द्र कंवर	माननीय ग्रामीण विकास, पंचायती राज, पशुपालन व मत्स्यपालन मन्त्री, हिमाचल प्रदेश, शिमला।
2.	श्री संजय गुप्ता	अतिरिक्त मुख्य सचिव (मत्स्य), हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला।
3.	श्री सतपाल मैहता	निदेशक एवं प्रारक्षी मत्स्य, हिमाचल प्रदेश, बिलासपुर।
4.	श्री महेश कुमार	उप–निदेशक मत्स्य (मु0), मत्स्य निदेशालय बिलासपुर, हि0प्र0।
5.	श्री सुशील जनार्था	उप–निदेशक मत्स्य, पतलीकुहल, जिला कुल्लू, हि0प्र0।
6.	श्रीमति चंचल ठाकुर	कार्यकारी सहायक निदेशक मत्स्य, (मुख्यालय व बीस सूत्रीय कार्यक्रम) मत्स्य निदेशालय, बिलासपुर, हि0प्र0।
7.	श्री हमीर चन्द	सहायक निदेशक मत्स्य, जिला शिमला, हि0प्र0।
8.	श्री तपेश चौहान	सहायक निदेशक मत्स्य, जिला सोलन, हि0प्र0।
9.	श्री जय सिंह	सहायक निदेशक मत्स्य, पौंग डैम, जिला कांगड़ा, हि0प्र0।
10.	श्री तपेश चौहान	सहायक निदेशक मत्स्य, नाहन, जिला सिरमौर, हि0प्र0। (अतिरिक्त कार्यभार)
11.	डॉ. लवल कुमार	सहायक निदेशक मत्स्य, पालमपुर, जिला कांगड़ा, हि0प्र0।

12.	श्री श्याम लाल शर्मा	सहायक निदेशक मत्स्य, जिला बिलासपुर, हि0प्र0।
13.	श्री खेम सिंह ठाकुर	सहायक निदेशक मत्स्य, मण्डी, जिला मण्डी, हि0प्र0।
14.	श्री योगेश गुप्ता	सहायक निदेशक मत्स्य, जिला ऊना, हि0प्र0।
15.	श्री भूपेन्द्र कुमार	सहायक निदेशक मत्स्य, जिला चम्बा, हि0प्र0।
16.	श्रीमति नीतू सिंह	वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी, जिला हमीरपुर, हि0प्र0।
17.	डॉ0 सोम नाथ	वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी, मत्स्य फार्म नालागढ़, हि0प्र0।
18.	डॉ0 राकेश कुमार	वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी, मत्स्य फार्म दयोली बिलासपुर, हि0प्र0।
19.	श्री पंकज ठाकुर	वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी, पालमपुर, स्थित कार्प फार्म कांगड़ा, हि0प्र0।
20.	श्री विवेक शर्मा	वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी, दयोली गगरेट, जिला ऊना, हि0प्र0।
21.	श्री संदीप कुमार	वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी, देहरा, जिला कांगड़ा, हि0प्र0।
22.	श्री राकेश कुमार	मत्स्य अधिकारी, ट्राऊट फार्म सांगला, जिला किन्नौर, हि0प्र0।
23.	श्री अजय कुमार	मत्स्य अधिकारी, जिला बिलासपुर, हि0प्र0।
24.	श्री पंकज पटियाल	मत्स्य अधिकारी, खटियाड़, जिला कांगड़ा, हि0प्र0।
25.	श्री अरूण कान्त वर्मा	मत्स्य अधिकारी, मच्छयाल, जिला मण्डी, हि0प्र0।
26.	श्रीमति रिचा गुप्ता	मत्स्य अधिकारी, मत्स्य फार्म अल्सू, जिला मण्डी, हि0प्र0।
27.	श्री अजय कुलदीप	मत्स्य अधिकारी, ट्राऊट फार्म पतलीकुहल, जिला कुल्लू, हि0प्र0।
28.	श्री राम सिंह	मत्स्य अधिकारी, मत्स्य आवतरण केन्द्र डाडासीबा, जिला कांगड़ा, हि0प्र0।
29.	श्री राजेन्द्र पाल	मत्स्य अधिकारी, ट्राऊट फार्म पतलीकुहल, जिला कुल्लू, हि0प्र0।
30.	श्री दुनी चन्द	मत्स्य अधिकारी, ट्राऊट फार्म हामणी, जिला कुल्लू, हि0प्र0।
31.	श्री सुरेन्द्र कुमार पटियाल	मत्स्य अधिकारी, मत्स्य आवतरण केन्द्र, लठियाणी, जिला ऊना, हि0प्र0।
32.	श्री हितेश कुमार कौण्डिल	मत्स्य अधिकारी, मत्स्य आवतरण केन्द्र, जडडू जिला बिलासपुर, हि0प्र0।

33.	श्री तेजराम	मत्स्य अधिकारी, मत्स्य आवतरण केन्द्र, जिला बिलासपुर, हि0प्र0।
34.	श्री प्रीतम चन्द	मत्स्य अधिकारी, मत्स्य आवतरण केन्द्र, संधारा, जिला चम्बा, हि0प्र0।
35.	श्री मनजीत सिंह	मत्स्य अधिकारी, मत्स्य आवतरण केन्द्र, ज्वाली, जिला कांगड़ा, हि0प्र0।
36.	श्री विमल गुलेरिया	मत्स्य अधिकारी, बरोट, जिला मण्डी, हि0प्र0।
37.	श्री विजय कुमार	मत्स्य अधिकारी, मत्स्य आवतरण केन्द्र, कसोल, जिला बिलासपुर, हि0प्र0।
38.	श्री विकास चन्द्रा	मत्स्य अधिकारी, ट्राऊट फार्म थला, जिला चम्बा, हि0प्र0।
39.	श्री प्रदीप कुमार	मत्स्य अधिकारी, मत्स्य आवतरण केन्द्र, सुन्नी, जिला शिमला, हि0प्र0।
40.	श्री दिलवर सिंह	उप–निरीक्षक मत्स्य, पालमपुर, जिला कांगड़ा, हि0प्र0।
41.	श्री नीलमणी	उप–निरीक्षक मत्स्य, मण्डी, जिला मण्डी, हि0प्र0।
42.	श्रीमती अनीता कुमारी	उप–निरीक्षक मत्स्य, बटाहर, जिला कुल्लू, हि0प्र0।
43.	श्री बलजीत सिंह	उप–निरीक्षक मत्स्य, मत्स्य आवतरण केन्द्र, भाखडा, जिला बिलासपुर, हि0प्र0।
44.	श्री लेख राज	उप–निरीक्षक मत्स्य, ट्राऊट फार्म धमवाड़ी, जिला शिमला, हि0प्र0।
45.	श्री सर्वजीत कुमार	उप–निरीक्षक मत्स्य, मत्स्य आवतरण केन्द्र, राजनगर जिला चम्बा, हि0प्र0।
46.	श्री प्रभु लाल	उप–निरीक्षक मत्स्य, शिमला, जिला शिमला, हि0प्र0।
47.	श्री विवेक कुमार	उप–निरीक्षक मत्स्य, मत्स्य आवतरण केन्द्र, जगातखाना, जिला बिलासपुर, हि0प्र0।
48.	श्री श्याम लाल	उप–निरीक्षक मत्स्य, मत्स्य आवतरण केन्द्र, बैरल, जिला सोलन, हि0प्र0।
49.	श्री सूरम सिंह	उप–निरीक्षक मत्स्य, मत्स्य आवतरण केन्द्र, मान्दली, जिला ऊना, हि0प्र0।

पतलीकूहल फार्म, जिला कुल्लू हि0प्र0।

3

12वीं पंचवर्षीय योजना एवं वार्षिक योजना 2019–20 के लक्ष्य एवं प्राप्तियां

क्रं. सं.	मद	12वीं पंचवर्षीय योजना के लिए निर्धारित लक्ष्य (2012–17)	12वीं पंचवर्षीय योजना की प्राप्तियां (2012–17)	वार्षिक योजना 2019–20 के लिए निर्धारित लक्ष्य	वार्षिक योजना 2019–20 की प्राप्तियां
1.	मत्स्य उत्पादन (मीट्रिक टन)	37605.00	53436.71	14200.00	14020.14
2.	कार्प बीज उत्पादन (लाख)	1220.00	1874.663	730.00	550.02

3.	ट्राऊट ओवा उत्पादन (लाख)	59.00	75.567	18.80	14.953



4

विभागीय उद्देश्य

विभाग निम्नलिखित उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्रयासरत है:–

- प्रदेश में मछली पालन योग्य जलों के उचित प्रबन्धन से मत्स्य उत्पादन में बढ़ौतरी तथा वर्ष 2022 तक मत्स्य उत्पादन को दुगुना करना;
- खुले जल में प्रति हैक्टेयर मत्स्य उत्पादन बढ़ाने की दृष्टि से जलाशय मत्स्य पालन को विकसित करना;

- जलाशय तथा नदी नालों में बीज संग्रहण कार्यक्रम में वृद्धि के उद्देश्य से भारतीय तथा विदेशी मछलियों जैसे महाशीर, ट्राऊट व अन्य समशीतोषण प्रजातियों का बीज उत्पादन करना;
- राज्य में क्रीड़ा मत्स्य को बढ़ावा देना;
- ट्राऊट का वाणिज्यिक स्तर पर उत्पादन करना;
- राज्य में मत्स्य पालन के विस्तार हेतु मछुआरों एवं ग्रामीण युवकों को तकनीकी प्रशिक्षण तथा वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाना;
- मत्स्य क्षेत्र में रोज़गार के सुअवसर प्रदान करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उन्मुलन में योगदान करना;
- निजी क्षेत्र में मत्स्य बीज उत्पादन एवं मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देना;
- मत्स्य सहकारी सभाओं के अन्तर्गत कार्यरत मछुआरों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का सुचारू क्रियान्वयन;
- मत्स्य उत्पादन में बढ़ौतरी हेतु नवीनतम उपयुक्त प्रजातीयों के सम्वर्धन को बढ़ावा देना।

नदीय मात्स्यिकी

जलाशय मात्स्यिकी

5

वर्ष के दौरान महत्वपूर्ण उपलब्धियां

- इस वर्ष राज्य में विद्यमान सभी जल स्त्रोतों से 18443.92 लाख रूपये की 14020.14 टन मछली का उत्पादन किया गया।

ट्राऊट फार्म बरोट, जिला मण्डी

- विभागीय ट्राऊट फार्मों से इस वर्ष 34.67 लाख रूपये कीमत की 7.71 मीट्रिक टन खाने योग्य ट्राऊट का उत्पादन किया गया है। इन फार्मों से विभाग को कुल 91.16 लाख रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। इस वर्ष निजी क्षेत्र में भी 2665.80 लाख रूपये कीमत की 592.40 मीट्रिक टन ट्राऊट मछली का उत्पादन किया गया है। प्रदेश में रेनबो ट्राऊट के सफलतापूर्वक प्रजनन के परिणामस्वरूप न केवल कुल्लू जिला अपितु शिमला, मण्डी, कांगड़ा, किन्नौर चम्बा व सिरमौर जिलों में भी निजी क्षेत्र में ट्राऊट इकाईयों की स्थापना की गई है।

जलाशयों से मछली उत्पादन

- इस वर्ष विभाग द्वारा सभी संसाधनों से 308.65 लाख रूपये का राजस्व अर्जित किया गया है जोकि निर्धारित लक्ष्य (427.37) से 118.77 लाख रूपये गोविन्दसागर, पौंगडैम जलाशय का उत्पादन घट जाना तथा विभागीय ट्राऊट फार्म पतलीकूहल का भारी वर्षा के कारण जलापूर्ति अवरूद्ध होने से कार्यशील न होने के कारण कम रहा।

- राज्य के प्रमुख जलाशयों में इस वर्ष 5350(गोविन्दसागर 2213, कोलडैम 113, पौंगडैम 2800, चमेरा 155 व रणजीत सागर 69) माहीगीरों को पूर्णकालीन स्वरोजगार उपलब्ध करवाया गया। इन माहीगीरों द्वारा 8.19 करोड़ रूपये मूल्य की 580.43 मीट्रिक टन मछली का उत्पादन किया गया है, जिससे मछुआरों की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ हुई है।

जलाशयों में मत्स्य बीज

- विभागीय कार्प फार्मों से वर्ष 2019–20 में 528.52 लाख तथा निजी कार्प फार्मो से 21.50 लाख (कुल 550.02 लाख) मत्स्य बीज का उत्पादन किया गया है।

- राज्य में मत्स्य आखेट की गतिविधियों में

कार्यरत 13060 माहीगीरों को निःशुल्क जीवन सुरक्षा निधि के अन्तर्गत लाया गया है जिसके अन्तर्गत प्रदेश के पंजीकृत मछुआरों/मत्स्य पालकों की दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर अथवा स्थाई रूप से विकलांग होने की स्थिति में 2.00 लाख रूपये का निशुल्क बीमा कवच, आंशिक रूप से विकलांग होने की स्थिति में 1.00 लाख रूपये व चिकित्सा उपचार हेतु 10,000 रूपये का प्रावधान किया गया है।

- इस वर्ष 3710 सक्रिय जलाशय माहीगीरों को बन्द आखेट मत्स्य सीजन के दौरान मु0 115.01 लाख रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

- केन्द्रीय प्रयोजित स्कीम–मछुआरों के कल्याण हेतु राष्ट्रीय योजना के घटक मछुआरा आवास योजना विभाग द्वारा वर्ष 2015–16 में आरम्भ की गई थी। इस योजना का कार्यान्वयन केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा 90:10 अनुपात में वहन किया जाता है। वर्ष 2019–20 में मछुआरा आवास योजना के तहत सामान्य जाति व अनुसूचित जाति के 200 मछुआरे लाभांवित हुए।

मछुआरा आवास योजना के तहत निर्मित मकान

- मत्स्य पालन को राज्य में बढ़ावा देने तथा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत 503 नए रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं।

- वर्ष 2019–20 में विभागीय वार्षिक योजना बजट 2449.43 लाख रूपये था। इसमें से 447.85 लाख अनुसूचित जाति उपयोजना के अधीन व मु0 79.01 लाख रूपये जन–जातीय उपयोजना के अधीन व्यय किये गये हैं।

- राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड **(NFDB)** से प्राप्त अनुदान सहायता मु0 6.25 लाख रू0 की राशि से 250 व्यक्ति लाभांवित हुऐ जो जलाशय मछुआरे व मत्स्य पालक थे। इसके अतिरिक्त 10 विभागीय अधिकारियों को प्रशिक्षण हेतु देश के विभिन्न राज्यों मे Training of Trainers**(TOT)** प्रोग्राम के तहत भेजा गया।

6

प्रमुख वार्षिक गतिविधियां

वर्ष 2019–20 में निम्नलिखित विभागीय गतिविधियां उल्लेखनीय रहीं:–

- हाल ही में **"Recent Advancements Technologies and Enterpreneurship in Aquaculture in H.P."** विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला मत्स्य विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा माननीय ग्रामीण विकास, पंचायती राज, पशुपालन व मत्स्य मंत्री श्री वीरेन्द्र कंवर की अध्यक्षता में दिनांक 18 और 19 दिसम्बर, 2019 को होटल लेक व्यू, बिलासपुर हिमाचल प्रदेश में आयोजित की गई थी।

- विभाग द्वारा माननीय सदर विधायक बिलासपुर, श्री सुभाष ठाकुर की अध्यक्षता में दिनांक 15.11.2019 को एक दिवसीय राष्ट्रीय **"Angling Competition"** का आयोजन किया गया था।

- हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू, साईट्रस होटल मनाली में तीन दिन का राष्ट्रीय **"Awareness Building workshop on Rainbow Trout Culture"** का आयोजन किया गया था। जिसमे रेंनवो ट्राऊट फार्मींग के डेनमार्क से विशेषज्ञों के साथ–साथ सभी शीतल जल राज्यों के अधिकारियों एवं मत्स्य कृषकों ने भाग लिया।

- राज्य के मछुआरों व मछली पालकों के लिए **किसान केडिट कार्ड स्कीम** को आरम्भ किया गया।

- विभाग द्वारा माह फरवरी व मार्च 2020 के दौरान 10.00 लाख **रेंनवो ट्राऊट आई डोवा** डेनमार्क से आयात किया गया।

- **हिमाचल प्रदेश मत्स्य पालन नियम**, 1979 को लगभग 40 वर्षो बाद रिपीट कर मत्स्य पालन नियम 2020 को अधिसूचित किया गया।

- राज्य जलाशय मछुआरों के **फिंशिग क्रॉफट और गियर (नाव व लाईफ जैकेट आदि)** की लंबे समय से लंबित मांग को इस वर्ष पूर्ण कर दिया गया।

- राज्य के कौलडैम जलाशय में पहली बार **केज़ कल्चर में ट्राऊट मछली पालन** आरम्भ करने की परियोजना बनाई गई।

- विभाग में PFMS **(Public Financial Management System)** शुरू किया गया।

- राज्य में ट्राऊट मछली पालन में पहली बार **क्लस्टर अप्रोच** के साथ ट्राऊट किसानों की फिड मिल, हैचरी आदि ट्राऊट इकाइयों के आसपास के क्षेत्र में अनेक सुविधाऐं शुरू की गई।

- निजि क्षेत्र में **रेंनबो ट्राऊट प्रजनन** तकनीक सफलतापूर्वक स्थांनांतरित कर ट्राऊट हैचरियों की स्थापना की गई।

- जला ऊना के मछली किसान श्री अनिल राणा को NFDB द्वारा हैदराबाद में राष्ट्रीय पुरूस्कार **(Best Performing Fish Farmer-Inland states) "Carp"** से सम्मानित किया गया।

- राज्य के मछली पालकों को मछली प्रसंस्करण जैसे **फिश फिलेट, बोल, चिप्स** आदि पर प्रशिक्षण दिया गया।

7

वार्षिक योजना 2019–20

हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त होने के उपरान्त निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर होता हुआ आज देश के पहाड़ी राज्यों में एक आदर्श राज्य के रूप में उभर रहा है। प्रदेश में श्वेत क्रान्ति, हरित क्रान्ति आने के बाद अब प्रदेश नील क्रान्ति की ओर अग्रसर हो रहा है। अतः इसे व्यवहारिक रूप देने के लिए 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012–2017) में 2633 लाख रूपये की राशि का प्रावधान किया गया था तथा वार्षिक योजना 2019–20 में 2449.43 लाख रूपये के संशोधित उद्व्यय से निम्नांकित योजनाऐं कियान्वित की गई हैं:

निर्देशन एवं प्रशासन

जलाशय संरक्षण

कार्प बीज उत्पादन

ट्राऊट बीज उत्पादन

कार्प बीज फार्मों का विस्तार

केन्द्रीय क्षेत्रीय स्कीम **''नील क्रान्ति''** एकीकृत मात्स्यिकी विकास एंव प्रबंधन

सामुदायिक तालाबों का निर्माण

जनजातीय उप योजना

मात्स्यिकी में आंकड़ों के आधार को सुदृढ़ करना एवं सूचना प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना

8

निर्देशन एवं प्रशासन

प्रदेश में नियोजित विकास की प्रक्रिया प्रारम्भ होने के समय से मछली पालन विभाग के प्रमुख कार्य, **''नदीय स्त्रोतों में परिग्रहण मात्स्यिकी''** को बढ़ावा देना था तथा राज्य में विद्युत परियोजनाओं के स्थापित होने के कारण मत्स्य उत्पादन के नए स्त्रोत, जलाशयों के तौर पर उत्पन्न हुए हैं जिनसे वर्तमान में प्रदेश के कुल मत्स्य उत्पादन का 4.41 प्रतिशत मत्स्य उत्पादन हुआ है। प्रदेश के निचले तथा ऊपरी क्षेत्रों में पन बिजली योजनाओं में प्रति वर्ष वृद्धि हो रही है। प्रदेश के उपलब्ध संसाधनों का तेज गति से उपयुक्त विकास करने हेतु चलाई जा रही योजनाओं का कार्यान्वयन करने के लिए विभाग के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत किए जाने का प्रस्ताव है। प्रदेश के मात्स्यिकी संसाधनों पर दोहन का दबाव यद्यपि दिनों–दिन बढ़ता जा रहा है, परन्तु इनमें मत्स्य विकास व संरक्षण पर नियुक्त कर्मचारी बल की संख्या दिन–प्रतिदिन घट रही है। इस वर्ष कुल स्वीकृत पदों में लगभग 114 पद खाली चल रहे हैं।



गोबिंदसागर जलाशय में मछली पकड़ते मछुआरे

योजना का नाम	वर्ष 2019–20 का बजट प्रावधान	वर्ष 2019–20 में व्यय
निर्देशन एवं प्रशासन	16.00 लाख	15.30 लाख

9

प्रमुख विभागीय योजनाएं

(क) अन्तर्देशीय जलाशयों में मात्स्यिकी का प्रबन्धन एवं विकास :

(1) जलाशय संरक्षण :–

प्रदेश के जलाशयों का प्रदेश के मत्स्य उत्पादन में प्रमुख स्थान है। इसी तरह ये संसाधन बांध विस्थापितों की आर्थिक दशा को सुदृढ़ करने में भी सहायक सिद्ध हो रहे हैं। इन जलाशयों में मत्स्य उत्पादन की बढ़ौतरी के लिए 70 मि.मी. आकार का बीज संग्रहित किया जा रहा है। जिसके भविष्य में बहुत उत्साहवर्धक परिणाम आने की सम्भावना हैं।



वर्ष 2019–20 के दौरान मत्स्य उत्पादन एवं राजस्व प्राप्तियांः–

जलाशय का नाम	मत्स्य उत्पादन (मी0 टन)	राजस्व (लाखों में)	बीज संग्रहण (लाखों में)।
गोबिन्द सागर	237.76	42.55	20.311
पौंग डैम	240.267	82.71	0.234
चमेरा	2.949	0.79	1.613
रणजीत सागर	90.229	14.53	0.00

कोल डैम	9.224	1.36	3.876
कुल	**580.43**	**141.94**	**26.034**

(2) कार्प बीज उत्पादनः–

कार्प बीज फार्म, नालागढ़

राज्य में पहले ही सात कार्प बीज फार्म, दयोली (जिला बिलासपुर), अल्सू (जिला मण्डी), नालागढ़ (जिला सोलन), दयोली गगरेट (जिला ऊना), कांगड़ा, सुल्तानपुर (जिला चम्बा) तथा मच्छयाल (जिला मण्डी) में स्थापित किये गये हैं तथा नया कार्प फार्म बदरीपुर (पौंटा साहिब) जिला सिरमैर में स्थापित किया जा रहा हैं। मत्स्य बीज की बढ़ती मांग तथा राज्य में बहुतायत से पनबिजली परियोजनाओं के तैयार हो जाने को ध्यान में रखते हुए उत्तम किस्म की मछली के बीज की आवश्यकता अत्याधिक बढ़ गई है। इस प्रयोजन से सभी फार्मों पर प्रबन्धन की दृष्टि से आवश्यक फेर–बदल किया जाना वांछित था।

राज्य में 'महाशीर' मछली के उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस मछली प्रजाति का हिमाचल के मत्स्य फार्म, मच्छयाल (मण्डी) में सफलतापूर्वक प्रजनन करवा लिया गया है ताकि इसके उत्पादन से प्रदेश को अधिक लाभ प्राप्त हो सके। प्रदेश में मत्स्य क्रीड़ा को रूचिकर बनाये रखने से पर्यटन विकास में वृद्धि की जानी संभव है। इसलिए प्रदेश के नदीय स्त्रोंतों में मत्स्य बीज संग्रहित करना अतिआवश्यक है। महाशीर मछली प्रदेश के जलों की मूल मछली है। अतः प्रदेश के जलों को महाशीर मछली से भरपूर रखने के लिए इन जलों में फार्म से उत्पादित अर्न्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त महाशीर मछली के क्षुद्रमीनों को संग्रहित किया जाना आवश्यक है। इस वर्ष विभागीय कार्प बीज फार्मो से मार्च 2020 तक 528.54 लाख तथा निजी फार्मो से 21.50 लाख (कुल 550.02 लाख) बीज का उत्पादन किया गया है।

योजना का नाम	वर्ष 2019–20 का बजट प्रावधान	वर्ष 2019–20 में व्यय

कार्प बीज उत्पादन	142.73 लाख	141.47 लाख

विभागीय कार्प फार्मों पर उत्पादित क्षुद्रमीनों का प्रतिशत विवरण इस प्रकार हैः–



क्रमांक	विभागीय कार्प फार्म का नाम	बीज उत्पादन(लाखों में)
1.	दयोली (बिलासपुर)	130.20
2.	अल्सू (मण्डी)	82.78
3.	कांगड़ा	8.34
4.	सुल्तानपुर (चम्बा)	60.80
5.	नालागढ़ (सोलन)	146.00
6.	गगरेट (ऊना)	100.40
7.	मछियाल	0.42

	योग	**528.54**

(ख) क्रीड़ा मात्स्यिकी का प्रबन्धन एवं विकासः

विभाग द्वारा चरणबद्ध तरीके से पुराने फार्मों के नवीनीकरण विस्तार एवं नए ट्राऊट फार्मों का निर्माण कार्य शुरू किया गया है जिसके अन्तर्गत विद्युत परियोजनाओं से पड़ने वाले प्रभावों को कम करने के लिए ट्राऊट बीज का अधिक मात्रा में नदियों में संग्रहण किया जाना आवश्यक हो गया है। प्रदेश में कार्यरत ट्राऊट मत्स्य कृषकों की मांग को भी इन फार्मों से पूरा किया जा रहा है। इसलिए विभागीय ट्राऊट फार्मों पतलीकूहल, हामनी, भान्दल, बरोट, सांगला, होली तथा धमवाड़ी में नवीनतम तकनीक से ट्राऊट मत्स्य पालन किया जा रहा है। लेकिन दुर्भाग्यवश इस वर्ष भारी बरसात के कारण जिला कुल्लू के पतलीकूहल नामक स्थान पर विभाग का सबसे बडा ट्राऊट फार्म तथा जिला चम्बा में होली नामक ट्राऊट फार्म पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिनकी पुनःप्रवर्तन हेतु मामला भारत सरकार को भेजा गया है। इन फार्मों से उचित गुणवत्ता के बीज उत्पादन पर विभाग का विशेष ध्यान है ताकि निजी क्षेत्र में ट्राऊट पालन को बढ़ावा दिया जा सके। इस वर्ष 14.95 लाख ट्राऊट बीज का उत्पादन सरकारी क्षेत्र के बीज फार्मों से हुआ है। वर्ष 2019–20 में ट्राऊट बीज की मांग को देखते हुए 10.00 लाख रेंनबो ट्राऊट आंख वाले अण्डे डेनमार्क से भी आयात किए गए।

योजना का नाम	**वर्ष 2019–20 का बजट प्रावधान**	**वर्ष 2019–20 में व्यय**
ट्राऊट बीज उत्पादन	80.70 लाख	80.08 लाख

(ग) वाणिज्यिक ट्राऊट उत्पादनः

राज्य के ऊपरी ठंडे क्षेत्रों में जल संसाधनों के दोहन तथा मत्स्य कृषि को बढ़ावा देने के लिए विदेशी सहायता से राज्य में ट्राऊट कृषि परियोजना की शुरूआत वर्ष 1989 में की गई थी जो वर्ष 1998 में पूर्ण हो गई है। जिसके

मुख्य उद्देश्य आधुनिक ट्राऊट फार्म, हैचरी, रेनबो ट्राऊट, ओवा का उत्पादन एवं विकास, स्थानीय तौर पर मिलने वाले घटकों से कृत्रिम आहार का उत्पादन तथा परियोजना अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षण योजना में से सभी को पूर्ण कर लिया गया है। प्राकृतिक आपदाओं को पार करते हुए रेनबो ट्राऊट बीज व आहार के उत्पादन तकनीक को विकसित कर लिया गया है जोकि कुछ ही राज्यों के पास उपलब्ध है। इस तकनीक को मत्स्य कृषकों तक पहुंचाने में भी विभाग द्वारा कार्य किया गया है। वर्ष 2019–20 में विभाग का मुख्य उद्देश्य मत्स्य बीज व आहार उत्पादन बढ़ाने तथा निजी क्षेत्र में अधिक से अधिक ट्राऊट मत्स्य कृषकों को जोड़ना रहा है।

वर्ष 2019–20 में निजी ट्राऊट मत्स्य पालकों के फार्मों से कुल 592.40 मीट्रिक टन ट्राऊट का उत्पादन हुआ जिसका मुल्य 2665.80 लाख रूपये है तथा यह उत्पादन वर्ष 2018–19 से 32.30 मीट्रिक टन अधिक है। विभागीय फार्मों से भी 91.16 लाख रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

क्रंम संख्या	ट्राऊट फार्म का नाम	मत्स्य उत्पादन (टनों में)	राजस्व प्राप्ति (लाखों में)
1.	पतलीकूहल (कुल्लू)	0.00	38.69
2.	हामनी (कुल्लू)	2.618	17.67
3.	बरोट (मण्डी)	1.978	14.21
4.	सांगला (किन्नौर)	1.653	10.85
5.	धमवाड़ी (शिमला)	1.438	7.50
6.	थला (चम्बा)	0.00	2.06
7.	भान्दल (चम्बा)	0.018	0.18
	कुलः–	**7.705**	**91.16**

(घ) कार्प बीज फार्मों का विकास एवं रख–रखावः

यह तथ्य सर्वमान्य है कि हिमाचल प्रदेश की नदियों में गोल्डन महाशीर मछली क्रीड़ा मात्स्यिकी के लिए प्रसिद्ध है। कुछ प्राकृतिक कारणों एवं बीज उत्पादन प्रणाली के विकसित न होने के कारण



महाशीर फार्म, मछियाल जिला मण्डी।

प्रदेश के जलों में इस प्रजाति की गुणात्मक और मात्रात्मक कमी हो रही है। प्रदेश के जलों में इस मछली की पुर्नस्थापना करने के लिए यह आवश्यक है कि प्रदेश के उपयुक्त जलों में इस प्रजाति के फार्म पर उत्पादित अंगुलिकाओं का उचित मात्रा में संग्रहण किया जाए। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए जिला मण्डी के मछियाल नामक स्थान पर केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम के अर्न्तगत एक महाशीर मछली बीज फार्म का निर्माण किया गया है।

योजना का नाम	वर्ष 2019–20 का बजट प्रावधान (लाखों में)	वर्ष 2019–20 में व्यय (लाखों में)
कार्प बीज फार्मों का विस्तार	18.70	18.48

(इ) अनुसूचित जाति उप योजनाः

लोगो को प्रशिक्षण देते हुए अधिकारी

मत्स्य पालन विभाग सभी ग्रामीणों विशेषकर अनुसूचित जाति से सम्बन्धित जन समुदाय के लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाने, उनका आर्थिक व सामाजिक स्तर ऊंचा करने में विशेष योगदान प्रदान करता है। व्यवसायिक मत्स्य पालन समाज के सभी कमजोर वर्गों की मूल आवश्यकता, उत्पादन तथा रोजगार उपलब्ध करवाने में सक्षम है। इस को मद्देनजर रखते हुए 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012–17) में 200.00 लाख रूपये का बजट प्रावधान किया गया था तथा वार्षिक योजना 2019–20 में 500.082 लाख रूपये के संशोधित उद्व्यय से निम्नलिखित योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। जिसका निम्नलिखित विवरण नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया हैः–

Budget sanctioned/expenditure incurred under Demand no-32(SCSP) during financial year 2019-20											
Sr/ No.	Detail of Scheme/SOEs	Original/ Sanctioned Budget	Revised Budget	Total Budget	Physical Targets (No./Ha.)	Components of expenditure	GoI/GoHP Sanction/Directorate Endst. letter no /Date	Amount of Sanction	GoI Installment/ Budget Alloted	Expenditure as on dated:	Balance Budget
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1											
	09-Adv. & publicity	200000	0	200000	10	Exhibition Stalls	Powers Delegated to DDO's at District Level	0	0	200000	0
	20-Other Charges	200000	0	200000	800	Trainings		0	0	200000	0
	36-Minor Works	500000	0	500000	5	Repair Work of CP		0	0	500000	0

	63-Subsidy	500000	0	500000	100	Gillnets	GoHP Fish -F-(4)-2/2017, dt.24/06/2019 & Dte. endst. no.FSH-F(10)-43/86-TD-IV-6506-13, Dt 2/7/19	500000	0	500000	0
(A)	**Total:-**	**1400000**	0	**1400000**	**915**			**500000**	**0**	**1400000**	0
2	**2405-00-789-03-Plan; RKVY**										
	44-GIA (C90N)	1412000	(-)1412000	0	0	Budget re-appropriated to Subsidy in Corresponding Sharings				0	0
	44-GIA (S10N)	100000	(-)100000	0	0					0	0
(B)	**Total:-**	**15120000**	**(-)1512000**	**0**	**0**					**0**	**0**
	63-Subsidy(C90N)	979200	1789000	2768200	05 Trout Units including input cost (Kullu-02,Mandi, PLP-01) for CFY: 2019-20 & unspent of previous years 2018-19 c/o seed rearing ponds @ Rs. 4.50 Lac/hac.+ 1st ye input - Palmpur = 0.20 hac.(Kar.-0.1+Hmr.-0.1 hac) Una=0.20 hac Pongdam=0.10 hac. Total area=0.50 hac= 2.25 Lac & c/o carp hatchry PLP=15.00 Lac; Total Rs. 17.25 Lac	c/o 05 trout raceways/ unspent amount Rs. 17.25 Lac	GoHP released 1st install. No. Fish-F (5)-2/2017, Dt.23/10/2019 & Dte. endst. Fish -F-(3)-108/2017-TD-X-Dt, 27-9-19	2160000	2160000	0	0
	63-Subsidy(S10N)	108800	199000	307800				240000	240000	0	0
	63-Subsidy(C90N)	0	0	0		c/o 05 trout raceways	GoHP released 2nd install. No. Fish-F-(5)-2/2017-Loose(RKVY), Dt. 21/01/2020 & Dte. endst. No. Fish -F-(3)-108/2017-TD-X dt.24/01/2020	608000	608000	2768000	200
	63-Subsidy(S10N)	0	0	0				67000	67000	307000	800
(C)	**Total:-**	**1088000**	**1988000**	**3076000**				**3075000**	**3075000**	**3075000**	**1000**
3	**2405-00-789-07-plan; CSS BLUE REVOLUTION SCHEME**										
	20-Other Charges (COON)	300000	0	300000	0	0	0	0	0	0	300000
	63-Subsidy(C90N)	9700000	13153000	22853000	3rd instt. of hatchery to Mandi Rs.21.71, previous years 2017-18 & 2018-19 unspent Amount Rs. 116.455 Lac and for CFY 2019-20; 89 houses & 1489 fishermen for close seasion assistance including 15 days Rs. 146.969 Lac extension of close seasion period. 07 Trout units including input cost NFDB state share Rs. 0.945 Lac only	c/o Fish ponds, houses, close season assistance etc.	GoI.has realsed Rs. 19.539 Lac as 3rd/Final instt. of targets 2017-18, released Rs. 127.954 Lac for providng 1489 F/M close season assistance + 89 Nos F/M houses during CFY 2019-20 and unspent amount Rs. 104.8605 Lac	22852950	3rd/final instt. against project prosposal-2017-18 released Rs.19.539 Lac vied letter no. J-13011/1/2017-Fy, dt.22/08/2019, 1st & final instt. of project proposals 2019-20 released Rs.127.954 Lac vied letter no. 12012/09/2009-Fy (WU), Vol.-II, dt.15/10/2019 and 1st instt. Aspirational Distt. Rs. 8.50 Lac (SCSP) transferred to bank acc. vide letter no. NFDB/Asp Dts./2019-20/2344, dt. 8/01/2020	22852950	50
	63-Subsidy(S10N)	1100000	1529000	2629000				2628050		2628050	950
	63-Subsidy(C53N)	1600000	782000	2382000				2382000		2382000	0
	63-Subsidy(S13N)	400000	345000	745000				744900		744900	100
	63-Subsidy(S20N)- PMBSY	14000	0	14000	4438	Insurance premium of F/M under PMSBY	GoHP No. Fish-F-(4)-2/2013, dt. 12/02/2020 & Dte. ends. No FSH-F(3)-108/2017-TD-XII-1618-23, DT.14/02/2020	13793		13793	207
(D)	**Total:-**	**13114000**	**15809000**	**28923000**	**0**	**0**	**0**	**28621693**	**0**	**28607900**	**301307**
4	**2405-00-789-07-plan; Insurance of Fishermen under PMJJBY**										
	63-Subsidy(S50N)	264000	0	264000	1600	Insurance premium of F/M under PMJJBY	No. Fish-F-(4)-2/2013-Part-1,dt. 12/02/2020 & ends. No FSH-F(3)-108/2017-TD-XII-1571-75, DT.13/02/2020	264000	0	264000	0
(E)	**Total:-**	**264000**	**0**	**264000**	**1600**	**0**	**0**	**264000**	**0**	**264000**	**0**
5	**4405-00-789-02(SOON)-Plan; Fisheries Buildings**										
a).	37- Major Work	11122000	0	0	2 works	c/o Fisher community center-cum Angling hut including all furnishing at Fisheries complex Dehra District Kangra	GoHP No. Fish-C(2)-5/2018 , dt. 14/11/2019 & Dte. endstt. No. FSH-F(6)-114/ 2019-TD-Angling Hut Dehra-12712-16,dt. 16/11/2019	9648000	0	9648000	0
b).						c/o boundary wall around the fish Pond & residentail quarters	GoHP No. Fish-C(5)-1/2010 , dt. 11/07/2019 & Dte. endstt. No. FSH-F(3)-108/ 2014-TD-Badripur -72052-07,dt. 17/07/2019	1474000	0	1474000	0
(F)	**Total:-**	**11122000**	**0**	**11122000**	**0**	**0**	**0**	**11122000**	**0**	**11122000**	**0**
Grand Total :- (A+B+C+D+E+F)		**26988000**	**17797000**	**44785000**	**8544**	**0**	**0**	**43582693**	**3075000**	**44468900**	**302307**

(च) जनजातीय क्षेत्र उप योजनाः

हिमाचल प्रदेश के जन जातीय क्षेत्र में किन्नौर, लाहौल व स्पिति तथा चम्बा जिले के भरमौर व पांगी क्षेत्र शामिल हैं। यह क्षेत्र हिमाचल प्रदेश के पूर्ण क्षेत्रफल का 42.4 प्रतिशत है। जन जातीय क्षेत्र में सतलुज, रावी, ब्यास और चिनाव के उपरी भाग आते हैं। जिनमें ट्राऊट पालन की सम्भावनाएं विद्यमान हैं। इन क्षेत्रों में अधिक ऊंचाई पर स्थित झीलें जैसे चंद्रताल (4000 मीटर), माने (4300 मीटर), नाको (4100 मीटर) इत्यादि हैं। इन झीलों में ट्राऊट पालन आरंभ करने के प्रयास किये जा रहे हैं। जनजातीय क्षेत्र में 5 एकीकृत जनजातीय परियोजनाओं में से केवल एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना किन्नौर तथा लाहौल व स्पिति के लिए ही तीन मत्स्य अधिकारियों के पद स्वीकृत हैं। एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना भरमौर (थल्ला) में एक मत्स्य अधिकारी नियुक्त हैं तथा पांगी क्षेत्र में एक मात्स्यिकी क्षेत्रीय सहायक दैनिक वेतन भोगी आधार पर कार्यरत है। जनजातीय क्षेत्र में मत्स्य विकास को तकनीकी कर्मचारियों की कमी की वजह से वांछित गतिशीलता प्राप्त नहीं हो सकी है। इस योजना के अन्तर्गत चम्बा जिला के होली में ट्राऊट फार्म स्थापित किया गया है जो इस वर्ष बरसात में बाढ आने के कारण पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। इस वर्ष के दौरान ट्राऊट बीज फार्मों के उचित प्रबन्धन पर विशेष ध्यान दिया गया ताकि छोटी–बडी सभी नदियों में ट्राऊट बीज की आवश्यकता को पूरा कर सके। चम्बा जिला के जनजातीय क्षेत्र के जलों में ट्राऊट बीज की मांग को पूरा करने के लिए भरमौर क्षेत्र के होली तथा थला नामक स्थान पर एक एक ट्राऊट फार्म बना दिया गया है। इस वर्ष इस स्कीम में केन्द्र सरकार से विशेष सहायता के रूप में स्वीकृत गैर जनजातीय ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे जनजातीयों से सम्बन्धित इच्छुक मत्स्य पालकों के लिए विभाग द्वारा मांग संख्या–31 के अन्तर्गत निम्न लिखित योजनाएं चलाई जा रही है। जिसका विवरण नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है:–

Budget sanctioned/expenditure in curred under Demand no-31(TASP) during financial year 2019-20											
Sr. No.	Detail of Scheme/SOEs	Original/ Sanctioned Budget	Revised Budget	Total Budget	Physical Targets (No./Ha.)	Components of expenditure	GoI/GoHP Sanction/Directorate Endst. letter no /Date	Amount of Sanction	GoI Installment / Budget Alloted	Expenditure as on dated:	Balance Budget
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1)	2405-00-796-02(SOON) Plan										
i)	05-Office Expenses	430000	388000	388000	o	*Budget alloted for meeting Expenses of office maintenance*	Powers delegated to Distt. Level DDO's	0	0	328000	60000
ii)	21-Maintenance	280000	100000	100000	o			0	0	0	100000
iii)	30-MV& POL etc.	270000	431000	431000	o			0	0	310000	121000
iv)	31-M & Eqp.	0	40000	40000	o			0	0	40000	0
v)	33-MS	410000	242000	242000	o			0	0	81076	160924

(A)	**Total:-**	**1390000**	**1201000**	**1201000**	**0**			**0**	**0**	**759076**	**441924**
2)	**2405-00-796-03-A00S-Plan; Expenditure on fisheries under SCA in Chamba & Bhatyat pockets**										
i)	63-Subsidy(S10N)	153000	0	153000	6	C/o Fish ponds including input cost, area 0.05 Hac.	GoHP Letter no. Fish-F(4) -1/2017-11, Dt.5/07/2019 & Dte.endst.no FSH-F(3)-108/2017-TD-XI-6974-77, Dt.10/07/2019	153000	153000	0	153000
(B)	**Total:-**	**153000**	**0**	**153000**	**6**			**153000**	**153000**	**0**	**153000**
3)	**2405-00-796-04(AOOS)-Plan ;Expenditure on fisheries under SCA (c/o Trout Raceways including input cost)**										
i)	**63-Subsidy**	1080000	0	1080000	4	c/o Trout Raceways including input cost	GoHP Letter no. Fish-F(4) -1/2017-11, Dt.5/07/2019 & Dte.endst.no FSH-F(3)-108/2017-TD-X-6958-62, Dt.10/07/2019	1080000	1080000	**540000**	**540000**
(C)	**Total:-**	**1080000**	**0**	**1080000**	**4**			**1080000**	**1080000**	**540000**	**540000**
4)	**2405-00-796-05-A00S-Plan; Expenditure on fisheries under SCA for disperse tribes (OTA)**										
i)	**63-Subsidy**	255000	0	255000	10	c/o Trout Raceways including input cost	GoHP Letter no. Fish-(4) -1/2017-11, Dt.5/07/2019 & Dte.endst.no FSH-F(3)-108/2017-TD-XI-6963-73, Dt.10/07/2019	255000	255000	**229500**	**25500**
(D)	**Total:-**	**255000**	**0**	**255000**	**10**			**255000**	**255000**	**229500**	**25500**
5)	**2405-00-796-06-Plan; Expenditure under RKVY**										
i)	63-Subsidy(C90N)	800000	51000	851000	3	c/o Trout Raceways including input cost+ previous years unspent amount Rs. 1.35 Lac only	GoHP Letter no. Fish-F(5) -2/2017, Dt.25/07/2019 & Dte.endst.no FSH-F(3)-108/2017-TD-X-9842-46, Dt.27/09/2019(1ST INSTT.)Rs. 4.05 Lac only	851000	851000	851000	**0**
ii)	63-Subsidy(S10N)	100000	(-) 6000	94000			GoHP Letter no. Fish-F(5) -2/2017-Loose(RKVY), Dt.20/01/2020 & Dte.endst.no FSH-F(3)-108/2017-TD-X-794-802, Dt.24/01/2020 (2nd INSTT.) Rs.5.40 Lac only	94000	94000	94000	**0**
(E)	**Total:-**	**900000**	**45000**	**945000**	**3**			**945000**	**945000**	**945000**	**0**
6)	**2405-00-796-07-plan; CSS BLUE REVOLUTION SCHEME**										
i)	20-Other Charges(COON)	100000	0	100000	0	0	0	0	0	0	100000
ii)	63-Subsidy(C90N)	2256000	0	2256000	Unspent Amount Rs. 22.10 Lac only	Unspent Amount Rs. 22.10 Lac only	GoHP Letter no's. Fish-B-(15) -6/2018, Dt.5 & 7/07/2019(Two sanction) & Dte.endst.no's FSH-F(3)-108/2017-TD-X-9847-52, Dt.27/09/2019 & FSH-F(3)-108/2015-TD-DMFY- 9837-41, Dt.27/09/2019	1989000	Previous years unspent amount sanctions issued, no fresh realese has been received from GoI during CFY: 2019-20	1989000	267000
iii)	63-Subsidy(S10N)	240000	0	240000				221000		221000	19000
iv)	63-Subsidy(C53N)	144000	35200	179200	112	close season assistance including extended period	GoHP Letter no. Fish-B-(15) -6/2018, Dt.23/12/2019 & Dte.endst.no FSH-F(3)-108/2013-TD-Relief- 394-400, Dt.13/01/2020	179200	GoI Letter no F.No.12012/09/2009-fy (WU), Vol.II,Dt. 15/10/2019 realsed first & final instt. Rs.179200/- only	179200	0
v)	63-Subsidy(S13N)	36000	20000	56000				56000		56000	0
vi)	63-Subsidy(S20N)-PMBSY	2000	0	2000	364	insurance premium pmt.	GoHP Letter no. Fish-F-(4) -2/2013-I, Dt.12/02/2020 & Dte.endst.no FSH-F(3)-108/2017-TD-XII- 1606-11, Dt.14/02/2020	1131	0	1131	869
(F)	**Total:-**	**2778000**	**0**	**2833200**	**476**			**2446331**	**0**	**2446331**	**386869**
7)	**2405-00-796-08-plan; Insurance of Fishermen under PMJJBY**										
i)	63-Subsidy(S50N)	66000	0	66000	265	Insurance premium pmt.	GoHP Letter no. Fish-F-(4) -2/2013-Part - III, Dt.12/02/2020 & Dte.endst.no FSH-F(3)-108/2017-TD-XII- 1612-17, Dt.14/02/2020	43725	0	43725	22275
(G)	**Total:-**	**66000**	**0**	**66000**	**265**			**43725**	**0**	**43725**	**22275**
8)	**2415-01-796-06(SOON) PLAN**										
i)	42-GIA(non-salary)	400000	0	400000	**0**	Reserch work of fisheries to HPCSKV	GoHP Letter no. Fish-C-(2) -4/2017, Dt.11/07/2019 & Dte.endst.no FSH-F(8)-4/78-(D)-IX 7193-95, Dt.17/07/2019	400000	**0**	400000	**0**
H)	**Total:-**	**400000**	**0**	**400000**	**0**			**400000**	**0**	**400000**	**0**
9)	**4405-00-796-01(SOON)-Plan; Capital outlay for c/o Fisheries Buildings**										
i)	37- Major Work	1478000	0	1478000	1	Restoration work of water supply to fish farm Holi has been purposed to execute through DRDA-Chamba under MNRGA with estimated cost RS. 4788700/-only	GoHP Letter no. Fish-C-(5) -1/2010 (4), Dt.14/08/2019 & Dte.endst.no FSH-F(5)-167/90-(TD)-III- 8783-87, Dt.31/08/2019	1478000	0	1478000	0
(I)	**Total:-**	**1478000**	**0**	**1478000**				**1478000**	**0**	**1478000**	**0**
G. Total:(A+B+C+D+E+F+G+H+I)		**8500000**	**1246000**	**8411200**	**764**			**6801056**	**0**	**6841632**	**1569568**

(छ) मात्स्यिकी में आंकड़ों के आधार को सुदृढ़ करना तथा सूचना प्रोद्यौगिकी को बढ़ावा देनाः

दसवीं पंचवर्षीय योजना में वर्ष 2002–03 में **'मात्स्यिकी में आकड़ों के आधार को सुदृढ़ करना तथा सूचना प्रोद्यौगिकी को बढ़ावा देना'** नामक केन्द्रीय प्रायोजित योजना का शुभारम्भ हुआ। हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य में इस योजना को शुरू करने हेतु विभाग को सितम्बर, 2003 में स्वीकृति प्रदान की है। विभिन्न श्रेणियों के चार पदों को सृजित करके उन्हें भरे जाने की औपचारिकताएं मार्च, 2004 को पूर्ण हो पाई जिसके साथ ही राज्य में यह योजना प्रारम्भ हो गई। इस योजना का मुख्य उद्देश्य मत्स्य से सम्बन्धित मात्रात्मक एवं गुणात्मक सूचनाओं को वैज्ञानिक आधार पर आधारित तकनीक द्वारा एकत्रित करना तथा किसी क्षेत्र में उपलब्ध जल संसाधनों के दोहन की क्षमताओं का आंकलन करना है।

(ज) मत्स्य अनुसंधान 'हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय':

मात्स्यिकी विभाग हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय को मत्स्य अनुसंधान हेतु वर्ष 1981–82 से अनुदान प्रदान कर रहा है। इस विश्वविद्यालय को प्रदेश के विविध जलवायु के अनुरूप मत्स्य पालन हेतु तकनीक विकसित कर मछली रोगों की रोकथाम पर अनुसंधान का दायित्व दिया गया है, अनुसंधान कार्य एक लम्बी प्रक्रिया है। अतः अनुदान प्रणाली आगामी वर्षो में भी जारी रखी जाएगी। इस वर्ष 4.00 लाख रुपये के प्रावधान से पूर्ण राशि विश्वविद्यालय को मार्च, 2020 तक अनुदान के रूप में उपलब्ध करवाई जा चुकी है।

10

विभाग द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाएं

(क) माहीगीर समूह दुर्घटना बीमा योजना :

प्रदेश के मछुआरों को मछली का शिकार करते समय दुर्घटना में मृत्यु हो जाने या अपंग हो जाने पर कमशः उनके आश्रितों या उनके अपने जीवनयापन के लिए इस नील क्रांन्ति मिशन का कार्यान्वयन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा यह

योजना जलाशयों में गिल जाल तथा नदियों में फैंकवा जाल से मत्स्य ग्रहण करने वाले समस्त माहीगीरों व मत्स्य पालकों के लिए लागू की गई है। इस योजना के अन्तर्गत दिये जाने वाले प्रीमियम को केन्द्रीय सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा 80:20 के अनुपात में अदा करने का प्रावधान है। इसलिए माहीगीर को प्रीमियम के रूप में कोई भी राशि अदा नहीं करनी होती है। बीमित माहीगीर की मृत्यु अथवा 100 प्रतिशत स्थाई विकलांगता की दशा में उसे/उसके आश्रितों को 2,00,000/– रूपये तथा आंशिक स्थाई अपंगता की दशा में उसे 1,00,000/–रूपये दिये जाने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त चिकित्सा उपचार हेतु 10,000/– रूपये भी प्रदान किये जाते हैं। वर्ष 2019–20 में इस योजना के अर्न्तगत 2 सम्बधित मछुआरों के परिवारों को मुवाबजे के रूप में 3 लाख रू0 की राशि वितरित की गई।

(ख) मछुआरा जोखिम निधि योजनाः

मछुआरों को मछली आखेट करते समय कई बार प्राकृतिक आपदाओं के कारण अपने जालों, किस्तियों और तम्बुओं से हाथ धोना पड़ता है। मछुआरों को उक्त आपदाओं के कारण हुए नुकसान की एक सीमा तक भरपाई किये जाने के लिए **''मछुआरा जोखिम निधि''** की स्थापना की गई है। प्राकृतिक आपदाओं से क्षतिग्रस्त संयत्रों की मुरम्मत हेतु इन संयत्रों के कुल मूल्य का 50 प्रतिशत भाग इनको मुरम्मत हेतु इस जोखिम निधि से आर्थिक सहायता के रूप में अदा किया जाता है। इस निधि में वित्तीय संसाधन जुटाने के लिए प्रत्येक वर्ष के प्रारम्भ में प्रत्येक सदस्य मछुआरा अनुज्ञाप्ति पत्र प्राप्त करते समय 20 रुपये जमा करवाएगा और इस प्रकार से जमा कुल राशि के बराबर की राशि प्रदेश सरकार द्वारा जमा करवाने का प्रावधान है। वर्ष 2019–20 के दौरान लगभग 34 मछुआरों को रू0 2.80 लाख की राहत राशि प्रदान की गई है।

(ग) जलाशय मछुआरों के लिए अंशदायी बन्द सीजन राहत योजनाः

प्रदेश के समस्त जलों में मछली को प्राकृतिक संबर्न्धन द्वारा वंशवृद्धि करने के लिए राज्य में 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को वर्जित काल के रूप में रखा गया है तथा इसमें मछली पकड़ने पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया गया है। यह वर्जित काल राज्य के सभी सार्वजनिक जलों में लागू है। इसलिए राज्य के जलाशयों में कार्यरत पूर्णकालिक मछुआरे इस बन्द सीजन के समय बेरोजगार हो जाते हैं। जलाशय के इन मछुआरों को बन्द सीजन की इस 2 मास की अवधि में आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत एक अंशदायी आर्थिक सहायता स्कीम चलाई गई है। इस स्कीम में वित्तीय संसाधनों के रूप में जलाशयों में कार्यरत और स्कीम में सम्मिलित प्रत्येक मछुआरा प्रत्येक वर्ष अगस्त से मई 10 महीनों तक अपनी मत्स्य सहकारी सभा के माध्यम से 100/– रूपये प्रतिमाह अपना अंशदान इस कोष में जमा करवाता है।

इस प्रकार से जमा कुल राशि में केन्द्र सरकार 1600/– रूपये प्रति माहीगीर और प्रदेश सरकार 400/– रूपये / माहगीर अपना अंशदान जमा करते हैं। इस प्रकार से एकत्रित कुल अंशदान 3000/– रूपये प्रति माहीगीर को दो माह के मछली पकड़ने के बंद सीजन में क्रमशः 1500–1500/– रूपये वितरित किये जाते हैं। इस स्कीम में केवल वही माहगीर लाभान्वित किये जाते हैं जो किसी प्रकार के अवैध मत्स्य आखेट में संलिप्त नहीं होते हैं। वर्ष 2019–20 में 3710 मछुआरों को इस योजना के अधीन 111.30 लाख रू0 (77.91 Govt. & 37.10 Fishermen Share) वितरित किया गया है।

(घ) राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (RKVY):

राज्य में वर्ष 2019–20 में निजी क्षेत्र में 41 नई ट्राऊट ईकाइयों के निर्माण हेतु 25.20 लाख रू0 की राशि अनुदान के रूप में सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों को वितरित की गई। इसी प्रकार जिला चम्बा के भनौता नामक स्थान पर 30.00 लाख रू0 की लागत से एक मत्स्य आवतरण केन्द्र स्थापित किया जा रहा है।

वर्ष 2019–20 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (RKVY) Demand No. 14 के अन्तर्गत निम्नलिखित उपलब्धियां रही।

क्रं.सं.	योजना का नाम	बजट (लाखों में)	व्यय (लाखों में)	लाभार्थियों की संख्या/इकाई
1.	निजी क्षेत्र में ट्राऊट रेसवेज का निर्माण।	25.20	25.20	23
5.	भनौता जिला चम्बा (चमेरा जलाशय) में मत्स्यआवतरण केन्द्र का निर्माण	30.00	30.00	01
	कुल योगः–	**55.20**	**55.20**	**24**

वर्ष 2019–20 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना Demand No. 31-32 के अन्तर्गत निम्नलिखित उपलब्धियां रही।

क्रं.सं.	योजना का नाम	बजट (लाखों में)	व्यय (लाखों में)	लाभार्थियों की संख्या/इकाई
1.	जन–जातीय क्षेत्रों में ट्राऊट यूनिटों का निर्माण	18.90	13.50	05
2.	ट्राऊट रेसवेज का निर्माण(SC)	13.50	13.50	03
3.	अन्य प्रभार (प्रशिक्षण SC/SP)	2.00	2.00	800
	कुल योगः–	**34.40**	**29.00**	**808**

नील क्रान्ति मिशन

नील क्रान्ति मिशन–एकीकृत मात्स्यिकी विकास एवम् प्रबंधन (केन्द्रीय प्रायोजित योजना)

मत्स्य पालन कार्यक्रम को बढ़ावा देना विभाग की प्रमुख प्राथमिकता है ताकि प्रदेश में मत्स्य उत्पादन में वृद्धि के साथ–साथ स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ाये जा

सके। इसी दृष्टि से केन्द्र सरकार द्वारा योजना प्रायोजित के विभिन्न घटको को कार्यान्वित किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत प्रदेश के जल संसाधनों का दोहन किया जा रहा हैं। नील क्रान्ति मिशन प्रदेश में वर्ष 2016–17 में शुरू हुआ तथा इसका मुख्य लक्ष्य देश तथा प्रदेश मे रह रहे मछुआरों व मत्स्य पालको का आर्थिक उत्थान् करना एवम् जल संसाधनों का पुर्ण एवम् सही उपयोग करके भोजन तथा पोषण संबधी सुरक्षा प्रदान करना हैं। मात्स्यिकी क्षेत्र में भविष्य में उच्च सम्भावित विकास के मध्यनजर माननीय प्रधान मन्त्री महोदय ने इस क्षेत्र में एक क्रान्ति का अहवान किया है जिसे **''नील क्रान्ति''** नाम दिया गया हैं। नील क्रान्ति मिशन से मछुआरों एव मत्स्य पालको'' जो सामाजिक एव आर्थिक दृष्टी से कमजोर हैं, की आय दुगुनी होने की अपेक्षा हैं। भारत सरकार के कृषि एव किसान कल्याण मन्त्रालय के पशुपालन एव दुग्ध तथा मात्स्यिकी विभाग द्वारा भारत वर्ष में संचालित सभी योजनाओं का पुर्नगठन करके एक नई योजना के अधीन इनका क्रियान्वयन किया जा रहा है जिसका नाम नील क्रांन्ति मिशन है पुर्नगठित योजना का मुख्य उद्देश्य सभी क्षेत्रों की मछली का उचित विकास एंव प्रबन्धन करना हैं। इस योजना के तहत सरकार तथा लाभार्थी पात्रता अनुसार 40 प्रतिशत व 60 प्रतिशत वित्तीय सहायता दी जाती हैं।

1. केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम (CSS) **नील क्रान्ति (Blue Revolution)** के अन्तर्गत वित वर्ष 2019–20 में कलस्टर परियोजना में सामान्य श्रेणी के किसानों को 08 कलस्टर के अन्तर्गत 182 यूनिटों (120 यूनिट सामान्य श्रेणी तथा 62 यूनिट महिला श्रेणी के लाभार्थी) के निर्माण करने तथा प्रथम वर्षिय आदानों पर उपदान सहायता के लिए भारत सरकार से प्राप्त अनुदान राशि अनुसार मु0 243.00 लाख की राशि प्रदान की गई।
2. वर्ष 2019–20 में कलस्टर परियोजना में सामान्य श्रेणी के किसानों को 08 कलस्टर के अन्तर्गत 08 ट्राऊट फीड मिल (06 सामान्य श्रेणी तथा 02 नं0 महिला श्रेणी के लाभार्थी) के निर्माण करने के लिए भारत सरकार से प्राप्त अनुदान राशि अनुसार 50 प्रतिशत उपदान सहायता के रूप में मु0 18.00 लाख की राशि प्रदान की गई।
3. वर्ष 2019–20 में कलस्टर परियोजना में सामान्य श्रेणी के किसानों को 08 कलस्टर के अन्तर्गत 08 ट्राऊट हैचरी (06 सामान्य श्रेणी तथा 02 नं0 महिला श्रेणी के लाभार्थी) के निर्माण करने के लिए भारत सरकार से प्राप्त अनुदान राशि अनुसार 50 प्रतिशत उपदान सहायता के रूप में मु0 45.00 लाख की राशि प्रदान की गई।

4. केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम (CSS) **नील क्रान्ति (Blue Revolution)** के अन्तर्गत वित वर्ष 2019–20 में प्रदेश के जलाशयों के सामान्य श्रेणी के 169 मछुआरों (125 यूनिट सामान्य श्रेणी तथा 44 यूनिट महिला श्रेर्णी) को मछली पकड़ने के उपकरण प्रदान करने के लिए मु0 76.40 लाख की राशि प्रदान की गई। जिसका विवरण निम्न अनुसार हैः–

क्र0स0	वस्तु/ उपकरण का नाम	इकाई लागत (लाखों में)
1	लकड़ी की किश्ती	0.60
2	पोर्टेबल टैंट	0.25
3	गिल जाल	0.06
4	रेनकोट	0.03
5	लाइफ जैकेट	0.04
6	तरपाल	0.02
	योगः–	**1.00**

